कार्यालय अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर
नागपुर रोड, गढा, जबलपुर, मध्यप्रदेश-482003

फोन नम्बर:-0761-2370951 Email :-nscbmcjb@gmail.com
Website: www.nscbmc.ac.in

क्रमांक-1118/छात्र/यूजी/पीजी/2020 जबलपुर दिनांक-28/01/2020

विज्ञप्ति

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज,जबलपुर,मध्यप्रदेश में एम.बी.बी.एस. पाठयक्रम प्रवेश वर्ष 2002 से 2012 तक एंव एम.डी./एम.एस./डिप्लोमा स्नातकोत्तर पाठयक्रम प्रवेश वर्ष 2006 से 2016 तक के उत्तीर्ण समस्त छात्र/छात्राओं जिन्हें पूर्व में इस महाविद्यालय द्वारा सूचना पत्र जारी कर प्रवेश के समय निष्पादित अनिवार्य ग्रामीण सेवा बाण्ड (BOND) की शर्तो को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। किंतु ऐसे छात्र/छात्राऐं जिनके द्वारा संस्था द्वारा जारी सूचना पत्र के प्रतिउत्तर में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया है, अथवा कार्यालय द्वारा जारी सूचना उनके घर के पते पर अवितरित होकर कार्यालय में वापिस प्राप्त हुआ है, उन छात्र/छात्राओं को निम्नलिखित दिनांकों में कार्यालयीन समय में व्यक्तिगत रूप से अधिष्ठाता कार्यालय में संस्था द्वारा गठित हाई पॉवर समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।

जिन छात्र/छात्राओं ने प्रवेश के समय निष्पादित बाण्ड अनुसार अनिवार्य ग्रामीण सेवा सम्पन्न कर लिया है, वे संचालनालय, स्वास्थ्य सेवा, भोपाल से बधपत्र (BOND) अनापत्ति प्राप्त कर इस कार्यालय में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें।

क्रमांक	प्रवेश वर्ष	पाठयक्रम	व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का दिनांक
01	2002 एंव 2003	एम.बी.बी.एस.	17/02/2020 (सोमवार)
02	2004 एंव 2005	एम.बी.बी.एस.	18/02/2020 (मंगलवार)
03	2006 एंव 2007	एम.बी.बी.एस. एंव पी.जी.	19/02/2020 (बुधवार)
04	2008 एंव 2009	एम.बी.बी.एस. एंव पी.जी.	20/02/2020 (गुरूवार)
05	2010 एंव 2011	एम.बी.बी.एस. एंव पी.जी.	22/02/2020 (शनिवार)
06	2012 एंव 2013	एम.बी.बी.एस. एंव पी.जी.	24/02/2020 (सोमवार)
07	2014 एंव 2015	पी.जी.	25/02/2020 (मंगलवार)
08	2016	पी.जी. (डिप्लोमा)	26/02/2020 (बुधवार)

उपरोक्त अवधि में उपस्थित नहीं होने एंव कार्यवाही में भाग नहीं लेने वाले छात्र/छात्राओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश मेडिकल कौसिल, भोपाल तथा मेडिकल कौसिल ऑफ, इण्डिया, नई दिल्ली के निर्धारित मापदण्डानुसार उनके रजिस्ट्रेशन आदि समाप्त करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी, जिसके लिये संबंधित छात्र/छात्राऐं स्वंय जिम्मेदार होगें।

अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस
मेडिकल कालेज जबलपुर

22373
31 JAN 2020